शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार

अभ्यास पत्र - 1

कक्षा **XI**

अर्थशास्त्र (030)

सत्र - (2024-25)

निर्धारित समय : **3** घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंक - **80**

**सामान्य निर्देश**

**1.** इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं:

**खंड अ -** समष्टि अर्थशास्त्र

**खंड ब -** भारत का आर्थिक विकास

**2.** इस प्रश्न पत्र में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक के हैं।

3. इस प्रश्न पत्र में **4** अति लघुउत्तरीय प्रश्न **हैं** और तीन अंक के हैं और इनमें से प्रत्येक के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिए।


4. इस प्रश्न पत्र में **6** लघुउत्तरीय प्रश्न **हैं** और चार अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर 80 से 100 शब्दों में दीजिए।

5. इस प्रश्न पत्र में **4** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और छः अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर को 100 से 150 शब्दों में दीजिए।

| प्र.सं. | **खंड 'अ' - समष्टि अर्थशास्त्र** | अंक |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए:<br>**कथन 1**: यदि किसी अर्थव्यवस्था में आय का स्तर ($\Delta Y$) बढ़ता है, तो यह हमेशा आनुपातिक रूप से उपभोग के स्तर ($\Delta C$) में वृद्धि करेगा।<br>**कथन 2**: सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) और सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) हमेशा एक दूसरे के बराबर होती हैं।<br>दिए गए कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें:<br>(क) कथन 1 सत्य है और कथन 2 गलत है।<br>(ख) कथन 1 गलत है और कथन 2 सत्य है।<br>(ग) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(घ) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं। | 1 |
| 2 | सरकारी बजट में प्राथमिक घाटा शून्य होगा जब .........<br>(क) राजस्व घाटा शून्य है<br>(ख) शुद्ध ब्याज भुगतान शून्य है<br>(ग) राजकोषीय घाटा शून्य है<br>(घ) राजकोषीय घाटा ब्याज भुगतान के बराबर है | 1 |
| 3 | बाजार मूल्य पर शुद्ध मूल्य वर्धित ($NVA_{MP}$) के मूल्य पर पहुंचने के लिए ________ को आधारिक | |

| | | |
|---|---|---|
| | कीमतों पर शुद्ध मूल्य वर्धित (NVA) में जोड़ा जाना चाहिए।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए)<br>(क) उत्पाद कर<br>(ख) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर<br>(ग) उत्पादन कर<br>(घ) शुद्ध उत्पादन कर | 1 |
| 4 | "नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के 9 जून, 2023 के आंकड़ों के अनुसार, एक मास की अवधि अर्थात 9 मई, 2023 से 9 जून की अवधि में विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) द्वारा शुद्ध बिक्री 309 करोड़ रुपये की हुई। "<br>उपर्युक्त लेनदेन को भारत के भुगतान संतुलन के __________खाते के_________ पक्ष पर दर्ज किया जाएगा ।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए)<br>क) चालू, डेबिट<br>ख) पूंजी, क्रेडिट<br>ग) चालू, क्रेडिट<br>घ) पूंजी, डेबिट | 1 |
| 5 | एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, स्वायत्त उपभोग = ₹ 200 करोड़ और सीमांत बचत प्रवृत्ति = 0.3 है। अर्थव्यवस्था के लिए बचत फलन _________ होगा।<br>(रिक्त स्थान को भरने के लिए सही विकल्प चुनिए)<br>क) 200 + 0.7Y<br>ख) (-) 200 + 0.3Y<br>ग) 200 + 0.3Y<br>घ) (-) 200 + 0.7Y | 1 |
| 6 | केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः ₹35.04 लाख करोड़ और ₹40.85 लाख करोड़ होने का अनुमान है।<br>_________________ घाटे का मूल्य ₹5.81 लाख करोड़ होगा ।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए)<br>क) राजस्व<br>ख) राजकोषीय<br>ग) बजटीय<br>घ) प्राथमिक | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें:<br>**कथन 1:** औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) का अधिकतम मूल्य इकाई हो सकता है।<br>**कथन 2:** जैसे-जैसे किसी अर्थव्यवस्था की आय बढ़ती है, उपभोग के स्तर में आनुपातिक वृद्धि हमेशा आय के स्तर में वृद्धि के बराबर होती है।<br>दिए गए कथनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें:<br>क) कथन 1 सत्य है और कथन 2 गलत है।<br>ख) कथन 1 ग़लत है और कथन 2 सत्य है।<br>ग) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>घ)कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं। | 1 |
| 8 | समग्र मांग में किसी भी गिरावट को हतोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार _________में __________ कर सकती है।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए)<br>क) रेपो दर, कमी<br>ख) रिवर्स रेपो दर, वृद्धि<br>ग) सरकारी व्यय, कमी<br>घ) कर दर, कमी | 1 |
| 9 | निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें:<br>**कथन 1:** ब्याज भुगतान से सरकार की देनदारियों में कोई कमी नहीं आती है।<br>**कथन 2:** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा बाजार में इक्विटी के विक्रय से सरकार की संपत्ति में कमी आ सकती है।<br>दिए गए कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए:<br>क) कथन 1 सत्य है और कथन 2 ग़लत है।<br>ख) कथन 1 ग़लत है और कथन 2 सत्य है।<br>ग) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>घ) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं। | 1 |
| 10 | दिए गए चित्र के आधार पर:<br>**कुल व्यापार (वस्तुएँ + सेवाएँ)** | |



| | | |
|---|---|---|
| | Source: https://commerce.gov.in/wp-content/uploads/2024/02/PIB-Press-Release-January-2024-1.pdf<br>अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान चालू खाते के अंतर्गत व्यापार ___________ अरब अमरीकी डॉलर का___________ दर्शाता है ।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए)<br>क) 70.43, अधिशेष<br>ख) 111.99, अधिशेष<br>ग) 70.43, घाटा<br>घ) 111.99, घाटा | 1 |
| | **दृष्टिबाधित अभ्यार्थियों के लिए:**<br>____________ भुगतान संतुलन खाते में व्यापार शेष के घाटे की स्थिति को दर्शाता है।<br>क) वस्तुओं का निर्यात > माल का आयात<br>ख) वस्तुओं का निर्यात < वस्तुओं का आयात<br>ग) सेवाओं का निर्यात < सेवाओं का आयात<br>घ) वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात < वस्तुओं और सेवाओं का आयात | 1 |
| 11 (A) | दिए गए आंकड़ों के आधार पर घरेलू आय ($NDP_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाइए: | 3 |

| क्र.सं | सामान | राशि ((₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| i. | घरेलू उपभोग व्यय | 1200 |
| ii. | सकल व्यावसायिक स्थिर पूंजी निर्माण | 800 |
| iii. | सकल आवासीय निर्माण निवेश | 70 |
| iv. | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 500 |
| v. | निर्यात पर आयात की अधिकता | 100 |
| vi. | मालसूची निवेश | (-)50 |
| vii. | सकल सार्वजनिक निवेश | 500 |
| viii. | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 150 |
| ix. | विदेशों से शुद्ध कारक आय | 80 |
| x. | स्थायी पूँजी का उपभोग | 30 |

**OR**

| | | |
|---|---|---|
| 11 (B) | कारण सहित बताइए कि क्या निम्नलिखित को राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाएगा?<br>क) भारत में रूसी दूतावास में काम करने वाले एक भारतीय का वेतन।<br>ख) एक विदेशी निवेशक द्वारा एक भारतीय कंपनी से प्राप्त लाभांश। | 3 |
| 12 | "सरकार की राजस्व प्राप्तियों को दो शीर्षकों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है।" | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | राजस्व प्राप्तियों के दो शीर्ष बताइये एवं समझाइये। | |
| 13 | (I) 'आरबीआई ने रुपये की अस्थिरता को रोकने के लिए 33 अरब डॉलर बेचे।'<br>(क) उपरोक्त कदम किस विनिमय दर प्रणाली से सम्बंधित है?<br>(ख) आपके अनुसार आरबीआई ने यह कदम क्यों उठाया?<br><br>(II) 'भुगतान संतुलन अधिशेष' का अर्थ बताइए। | <br>1<br>2<br><br>1 |
| 14 (A) | एक अर्थव्यवस्था में C =200 + 0.75Y उपभोग फलन है जहां C उपभोग व्यय है और Y राष्ट्रीय आय है। निवेश व्यय 4,000 है । अर्थव्यवस्था के संतुलन स्तर पर आय और उपभोग व्यय की गणना कीजिये । | 4 |
| | **अथवा** | |
| 14 (B) | निम्नलिखित को पूरा कीजिये | 4 |
| 15 | मान लीजिए, भारत सरकार 40,000 करोड़ रुपये की रक्षा परियोजना के साथ सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने का निर्णय लेती है।<br>यह मानते हुए कि आय में वृद्धि का 80% उपभोग हो जाता है, अर्थव्यवस्था की आय, रोजगार और उत्पादन पर दी गई स्थिति के संभावित प्रभावों की व्याख्या कीजिए। | 4 |
| 16 | निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए:<br><br>मुद्रा की माँग हमें यह बताती है कि लोग कुछ द्रव्य क्यों चाहते हैं। क्योंकि मुद्रा सौदों के संचालन के लिए आवश्यक है, सौदों के मूल्य यह तय करेंगे कि लोग कितना द्रव्य रखना चाहेंगे; जितने अधिक सौदे किए जाएँगे, उतनी ही अधिक द्रव्य की माँग होगी। क्योंकि सौदों की मात्रा, आय पर आधारित होती है, यह स्पष्ट है, कि आय में वृद्धि होने से द्रव्य की मांग भी अधिक होगी। जैसे भी जब लोग अपनी बचतों को द्रव्य के रूप में रखने के बजाय, बैंकों में रखते हैं जिस पर उन्हें व्याज प्राप्त होता है, लोग कितना रूपया अपने पास रखेंगे, व्याज की दर पर भी निर्भर करेगा। विशिष्ट रूप से जब ब्याज की दरें बढ़ती हैं तो लोग अपने पास द्रव्य रखने में दिलचस्पी कम रखते हैं क्योंकि द्रव्य को रोककर रखने का अर्थ होता है, व्याज वाली जमाओं का कम होना और इस प्रकार कम ब्याज की प्राप्ती। इसलिए ऊँची ब्याज दरों पर, मुद्रा की माँग गिर जाती है।<br><br>दिए गए अनुच्छेद और सामान्य समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:<br>(I) उन विभिन्न उद्देश्यों को बताएं जिनके लिए मुद्रा की मांग की जाती है। | 3 |

Table for 14 (B):

| आय | बचत | सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति | औसत उपभोग प्रवृत्ति |
|---|---|---|---|
| 0 | -20 | - | - |
| 50 | -10 | - | - |
| 100 | 0 | - | - |
| 150 | 30 | - | - |
| 200 | 60 | - | - |

(II) "लेनदेन की मात्रा आय पर निर्भर करती है।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अर्थव्यवस्था में मुद्रा की मांग को नियंत्रित करने के लिए बैंकों द्वारा क्या कदम उठाए जा सकते हैं? 3

17 (A) निम्नलिखित काल्पनिक आंकड़ों के आधार पर:

(सभी आंकड़े ₹ करोड़ में)

| वर्ष | मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद | मौद्रिक जीडीपी को आधार वर्ष की कीमतों पर समायोजित किया गया |
|---|---|---|
| 2022 | 6,000 | 4,000 |
| 2023 | 6,300 | 4,500 |

(I) 2022 को आधार वर्ष मानकर वर्ष 2023 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए। 3

(II) इस अर्थव्यवस्था की वास्तविक और मौद्रिक जीडीपी में प्रतिशत परिवर्तन की तुलना कीजिए। इस देश की आर्थिक वृद्धि के बारे में आप क्या कह सकते हैं । 3

**अथवा**

17 (B) (I) "किसी वस्तु को अंतिम वस्तु और मध्यवर्ती वस्तु में वर्गीकृत करने का आधार उसके उपयोग की आर्थिक प्रकृति पर निर्भर करता है।"
उपयुक्त उदाहरण की सहायता से कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए। 3

(II) "एक वर्ष में उत्पादित सभी पूंजीगत वस्तुएँ पहले से मौजूद पूंजीगत स्टॉक में वृद्धि नहीं करते हैं।"
उपरोक्त कथन में दर्शाई गई अवधारणा को पहचानिए। अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिये। 3

## खंड 'ब' - भारतीय आर्थिक विकास

18 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक पढ़िए :




सही विकल्प का चुनाव कीजिए जो सतत विकास की रणनीतियों को इंगित करता है

i) जैव खाद

| | | |
|---|---|---|
| | ii) तापीय ऊर्जा का उपयोग<br>iii) पवन ऊर्जा का उपयोग<br>iv) वनों की कटाई<br>विकल्प:<br>क) (i) और (ii)<br>ख) (ii) और (iii)<br>ग) (i) और (iv)<br>घ) (i) और (iii)<br>**दृष्टिबाधित अभ्यार्थियों के लिए:**<br>सतत विकास के लिए निम्नलिखित में से कौन सी सही रणनीति नहीं है**?** पहचान कीजिये **।**<br>**(I)** कचरे का पृथक्करण<br>**(ii)** वनों की कटाई<br>**(iii)** थर्मल पावर का उपयोग<br>विकल्प :<br>क) केवल (**i**)<br>ख) केवल (**ii**)<br>ग) (**ii)** और (**iii)**<br>घ) (**i**) और (**ii**) | 1 |
| 19 | निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए:<br>**कथन 1:** औपनिवेशिक शासन के तहत बुनियादी ढाँचे (जैसे रेलवे, डाक और तार आदि) का विकास किया गया।<br>**कथन 2:** भारत में आधारिक संरचना के विकास के पीछे असली उद्देश्य ब्रिटिश हितों को मजबूत करना था **।**<br>दिए गए कथनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए:<br>क) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>ख) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>ग) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>घ) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 20 | निम्नलिखित कथनों को पढ़िए: अभिकथन (A) और कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए:<br>**अभिकथन (A):** भौतिक पूंजी के प्रभावी उपयोग के लिए मानव पूंजी निर्माण आवश्यक है।<br>**कारण (R):** मानव पूंजी के निर्माण से लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ती है।<br>विकल्प :<br>क) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या | |

| | | |
|---|---|---|
| | करता है ।<br>ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।<br>ग) अभिकथन (A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>घ) अभिकथन (A) असत्य है लेकिन कारण (R) सत्य है। | 1 |
| 21 | __________ की स्थापना 1951 में हुई थी और अब इसे ______ से बदल दिया गया है।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए)<br>क) योजना आयोग, नीति आयोग<br>ख) नीति आयोग, योजना आयोग<br>ग) सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र<br>घ) समाजवाद, पूंजीवाद | 1 |
| 22 | ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-कृषि गतिविधियों में __________ शामिल हैं।<br>(रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए)<br>(i) मुर्गीपालन<br>(ii) बहु फसलीकरण<br>(iii) मधुमक्खी पालन<br>(iv) बागवानी<br>विकल्प :<br>क) (i) और (iv)<br>ख) (i), (iii) और (iv)<br>ग) (i), (ii) और (iii)<br>घ) (i), (ii), (iii), और (iv) | 1 |
| 23 | पहचानिए कि निम्नलिखित में से कौन सा कथन 1991 में शुरू किये गये व्यापार सुधारों के बारे में **असत्य** है? (सही विकल्प का चयन कीजिये)<br>क) आयात और निर्यात पर मात्रात्मक प्रतिबंधों को समाप्त करना<br>ख) प्रशुल्क दरों में कमी<br>ग) विदेशी संस्थागत निवेशकों को भारतीय वित्तीय बाजारों में निवेश करने की अनुमति दी गई<br>घ) आयात के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को हटाना। | 1 |
| 24 | निम्नलिखित में से कौनसा चीन में एक-संतान नीति का प्रभाव **नहीं था**?<br>क) जनसंख्या वृद्धि कम हो गई<br>ख) वृद्ध लोगों का बोझ बढ़ गया | |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) चीन में कामकाजी जनसँख्या कम होने से आर्थिक विकास रुक गया है<br>घ) चीन दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया। | 1 |
| 25 | निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण का एक कार्य **नहीं** है? पहचान कीजिए<br>(i) अपशिष्ट का अपवर्जन<br>(ii) जीवन का पोषण<br>(iii) सौंदर्य संबंधी सेवाएं प्रदान करना<br>विकल्प :<br>क) केवल (i)<br>ख) केवल (ii)<br>ग) (ii) और (iii)<br>घ) (i) और (ii) | 1 |
| 26 | "एक निर्माण स्थल प्रबंधक दैनिक आधार पर दो श्रमिकों को काम पर रखता है।"<br>दिए गए कथन में बताई गई स्थिति को पहचानें और सही विकल्प चुनें।<br>क) रोजगारहीन संवृद्धि<br>ख) स्व-रोज़गार<br>ग) नियमित कार्यकर्ता<br>घ) अनियमित श्रमिक | 1 |
| 27 | ________________ केरल में कार्यान्वित किया जा रहा एक महिला-उन्मुख समुदाय-आधारित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है। (रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए)<br>(क) कुदुम्बश्री<br>(ख) तनवा<br>(ग) सांसद आदर्श ग्राम योजना<br>(घ) प्रकृति | 1 |
| 28 (A) | उन कारणों को विस्तार से बताइए जिनके कारण औद्योगिक नीति प्रस्ताव, 1956 के अंतर्गत निजी क्षेत्र का नियमन किया गया था। | 3 |
| | **अथवा** | |
| 28 (B) | "भारत सरकार द्वारा उठाए गए उदारीकरण उपायों के अंतर्गत, औद्योगिक क्षेत्र का नियमन अत्यंत महत्वपूर्ण था।"<br>दिए गए कथन को वैध तर्कों के साथ खंडन अथवा समर्थन कीजिये । | 3 |
| 29 | (a) "विद्वान भारत, पाकिस्तान और चीन में बेटे को प्राथमिकता देना एक सामान्य घटना मानते हैं।" | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | विषम लिंगानुपात के सन्दर्भ में दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए।<br><br>(b) कोई दो स्वतंत्रता संकेतक बताइए। | 1 |
| 30 | 'चीन की तीव्र औद्योगिक वृद्धि का पता 1978 में उसके सुधारों से लगाया जा सकता है।'<br>दिए गए कथन के सन्दर्भ में चीन की तीव्र आर्थिक वृद्धि के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो सुधारों की चर्चा कीजिए। | 4 |
| 31 (A) | "ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में लोगों की भागीदारी दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है।" दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | 4 |
| | अथवा | |
| 31 (B) | "स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।" दिए गए कथन को वैध स्पष्टीकरण सहित सिद्ध कीजिए। | 4 |
| 32 | (I) दिए गए चित्र की व्याख्या कीजिए और इसे पारिस्थितिक आपदा बनने से रोकने के लिए किसी एक रणनीति की व्याख्या कीजिए ।  | 2 |
| | (II) पर्यावरण के दो घटक बताइये। | 2 |
| | **दृष्टिबाधित अभ्यार्थियों के लिए 32 (I) के स्थान पर :**<br>बताइए कि पर्यावरणीय संकट की अवसर लागत बहुत अधिक क्यों है। | 2 |
| 33 | निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए:<br><br>अक्तूबर, 2014 में, भारत सरकार ने सांसदों के निर्वाचन क्षेत्रों से सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY) नामक एक नई योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत भारत के सांसदों को एक गाँव की पहचान करने और विकसित करने की जरूरत है। शुरू करने के लिए, सांसद वर्ष 2016 तक एक मॉडल गाँव के रूप में एक गाँव को विकसित कर सकते हैं और 2019 तक दो और गाँव विकसित करने हैं, भारत में 2,500 से अधिक गाँवों को सम्मिलित करने की योजना है। योजना के मुताबिक, गाँव के मैदानी इलाकों में 3,000-5,000 और पहाड़ी इलाकों में 1,000-3,000 की आबादी हो सकती है और सांसदों का खुद का या अपने पति/पत्नी का गाँव नहीं होना चाहिए। सांसदों द्वारा एक गाँव के विकास योजना की उम्मीद कर रहे हैं कि वो ग्रामीणों को गतिविधियों को लेने के लिए प्रेरित करने और स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने के लिए प्रेरित करेंगे। | |

| | | |
|---|---|---|
| | SAGY के मुख्य उद्देश्य हैं:<br>1. ऐसी प्रक्रियाओं को शुरू करना जिससे चिन्हित ग्राम पंचायतों का समग्र विकास हो सके<br>2. इसके माध्यम से जनसंख्या के सभी वर्गों के जीवन स्तर और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाना<br>○ बुनियादी सुविधाओं में सुधार<br>○ उच्चतर उत्पादकता<br>○ उन्नत मानव विकास<br>○ आजीविका के बेहतर अवसर<br>○ असमानताओं में कमी<br>○ अधिकारों और हकदारियों तक पहुँच<br>○ व्यापक सामाजिक लामबंदी<br>○ समृद्ध सामाजिक पूंजी<br>3. स्थानीय स्तर के विकास और प्रभावी स्थानीय शासन के मॉडल तैयार करना जो पड़ोसी ग्राम पंचायतों को सीखने और अनुकूलन के लिए प्रेरित और प्रेरित कर सकें<br>4. अन्य ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षित करने के लिए पहचाने गए आदर्श ग्रामों को स्थानीय विकास के स्कूलों के रूप में विकसित करना।<br><br>स्रोत: www.pib.nic.in; 24 अक्टूबर 2014<br><br>दिए गए अनुच्छेद और सामान्य समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:<br>(i) सांसद आदर्श ग्राम योजना पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए ।<br>(ii) इस योजना के कोई तीन उद्देश्य बताइये। | <br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>3<br><br>3 |
| 34 (A) | (I) हरित क्रांति लागू होने के बावजूद भारत की 65 प्रतिशत आबादी 1990 तक कृषि क्षेत्र में क्यों लगी रही?<br>(II) स्वतंत्रता के समय व्यापार की मात्रा और दिशा बताइए। | 4<br>2 |
| | अथवा | |
| 34 (B) | (i) 'योजना अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र को औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका क्यों दी गई?<br>(II) भारत की विकास रणनीति में केंद्रीय नियोजन उद्देश्य के रूप में 'आधुनिकीकरण' को चुनने के पीछे के तर्क को स्पष्ट कीजिए । | 3<br><br>3 |